राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने कहा, दूर दृष्टि वाले मानव मूल्यों से जुड़े थे रतन टाटा
राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक जताया

जयपुर, 10 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरीभाऊ बागडे ने देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री बागडे ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनका निधन अपूरणीय क्षति है।
राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीयता से जुड़े रतन टाटा ने भारतीय उद्योग जगत में अपनी मौलिक दृष्टि से देश को वैश्विक पहचान दी। उन्होंने स्व. टाटा के औद्योगिक और सामजिक सरोकारों को स्मरण करते हुए कहा कि वह दूर दृष्टि वाले उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले लोकप्रिय उद्यमी थे।

राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।